लानी हों खुशियां तो चुनें सही पेंट

मुलायम सिंह यादव

किसी भी खास मौके पर लोग सबसे पहले अपने घर को सजाते हैं। चाहे फेस्टिवल हो या फिर शादी का माहौल। सभी चाहते हैं कि उनकी दीवारें अपने साथ-साथ दूसरों को भी लुभाती रहें। घर की दीवारों को चमकाने के लिए पेंट और प्राइमर को क्लाइमेट कंडीशन के हिसाब से सिलेक्ट करना चहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को शालीमार पेंट्स ने प्राइमर और पेंट्स के चार प्रोडक्ट्स लॉन्च किए।

सरफेस पैटर्न का रखें ध्यान

दीवारों को रंगने से पहले पुट्टी लगाएं। यह फिलिंग का काम करती है। अक्सर लोग पुट्टी के बाद पेंट करने की गलती करते हैं। इससे दीवार ज्यादा पेंट सोखती है। पुट्टी के बाद प्राइमर करने से दीवारों पर पेंट ज्यादा फैलता है। पेंट के मामले में आजकल वॉटर बेस्ड पेंट की ज्यादा डिमांड है। यह ऑयल बेस्ड पेंट की तरह नहीं महकता। बाहरी दीवारों के लिए ऐसे पेंट का इस्तेमाल करें, जो ज्यादा ड्यूरेबल हो क्योंकि बाहरी दीवारें मौसम की ज्यादा मार झेलती हैं। भीतर की दीवारों पर आप इंटीरियर पेंट्स का इस्तेमाल करें।

कवरेज हो ज्यादा

एक लीटर पेंट दीवार के कितने एरिया में फैलेगा, इस बात का खास ध्यान रखें। पेंट खरीदने से पहले यह जानना जरूरी है कि कौन सा पेंट दीवार के कितने एरिया पर फैलता है। कवरेज के साथ उसकी वॉशेबिलिटी पर भी खास ध्यान दिया जाना चाहिए। वॉशेबिलिटी दीवार पर लगे दाग को छुटाने की क्रिया को कहा जाता है। कुछ पेंट्स दीवार पर लगे दाग को चार-पांच बार छुड़ाने के साथ खुद छूट जाता है तो कुछ 200 वॉश तक चलते हैं। मतलब, वो पेंट दीवार पर 200 वॉश सहने में सक्षम है।

Satyendra Mehrotra